Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर
साहित्यिक मंच–सत्र् 2016–17

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में प्रभावी साहित्यिक मंच का उद्देश्य छात्राओं में साहित्य के प्रति अभिरूचि जागृत कर विविध साहित्यिक विधाओं से अवगत करवाकर उनके व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास में योगदान देना है। साहित्यिक मंच के तत्वावधान में सत्र 2016–17 के दौरान महाविद्यालय परिसर में विविध साहित्यिक गतिविधियों को आयोजन हुआ। साहित्यिक गतिविधियों का प्रारम्भ दिनांक 22.8.2016 को निबन्ध लेखन एवं काव्य लेखन प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। इसके पश्चात वाद–विवाद, काव्य पाठ व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने सोत्साह भाग लिया।

साहित्यिक मंच के अधीन महाविद्यालय की छात्राओं ने दिनांक 26.11.2016 को राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में आयोजित संभाग स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा वर्षा शर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्राओं ने दिनांक 06.12.2016 को राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में आयोजित संभाग स्तरीय काव्य–पाठ (स्वरचित) एवं क्विज प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। संभाग स्तरीय काव्य पाठ (स्वरचित) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा विशाखा चारण बी.ए.तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । **सुश्री विशाखा चारण ने दिनांक 22.12.2016 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय काव्य पाठ (स्वरचित) प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।** उक्त समस्त प्रतियोगिताऐं आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा निर्धारित सत्र् 2016–17 के कैलेण्डर के अनुसार आयोजित की जा रही है, जिनमें महाविद्यालय ने उल्लेखनीय भागीदारी निभाई एवं पुरस्कार जीते।

महाविद्यालय के साहित्यिक मंच के तत्वावधान में दिनांक 09.12.2016 को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के सौजन्य से सोफिया कॉलेज, अजमेर में आयोजित अर्न्तमहाविद्यालय साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने वाद–विवाद, आशु भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं महाविद्यालय की छात्रा विशाखा चारण ने आशु भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओवरऑल परफॉर्मेंस में उक्त आयोजन में राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर तृतीय स्थान पर रहा।
महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को वार्षिकोत्सव पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगें ।

प्राचार्य

प्रभारी 23/12/16
साहित्यिक मंच

Scanned with CamScanner

राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर

हिन्दी विभाग
वार्षिक प्रतिवदेन सत्र 2018–19

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में सत्र 2018–19 में वर्ष पर्यन्त छात्राओं की साहित्यिक अभिरूचि एवं लेखन क्षमता की अभिवृद्धि हेतु विभिन्न साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित हुई। हिन्दी परिषद् का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं उपसचिव पद पर क्रमशः हर्षिता शर्मा (एम.ए. उत्तरार्द्ध), सुषमा टाँक (एम.ए. उत्तरार्द्ध), नगमा बानो (एम.ए. उत्तरार्द्ध), एवं मीना (एम.ए. पूर्वार्द्ध) को नियुक्त किया।

राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर और हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 23.07.2018 को कविता–लेखन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री चेतन प्रकाश ने की। यह कार्यशाला श्री हेमंत शेष के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता डॉ. राम जैसवाल जी रहे।

14 सितम्बर, 2018 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. नवल किशोर भाभड़ा का व्याख्यान और हिन्दी काव्य–पाठ, निबंध–लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। दिनांक 01.10.2018 को श्री पवन बख्शी (लेखक एवं प्राण–ध्यान विशेषज्ञ, हिमाचल प्रदेश) का व्याख्यान आयोजित किया गया।

दिनांक 10.01.2019 को हिन्दी विभाग द्वारा युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रोफेसर रतनलाल जी का 'आधुनिक कविता व जीवन–मूल्य' विषय पर विस्तार व्याख्यान व पत्र–वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विज़ेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण समारोह में स्मृति–चिन्ह व प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
अजमेर

Scanned with CamScanner